तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026

11 दमकल की तत्परता से भानुप्रतापपुर मुख्य चौक के पास टला बड़ा हादसा



11 जिपं सीईओ ने किया नरहरपुर के सुदूर पंचायतों का औचक निरीक्षण





Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## सप्लाई शाम 5 बजे तक बंद की घोषणा पर रात 8 बजे तक नहीं आई बिजली

# तपती गर्मी के बीच अंधेरे में डूबा शहर ठप पड़ा कामकाज और आमजन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड यानी सीएसईबी कांकेर ने मेंटेनेंस के नाम पर सुबह 10 से सायं 5 बजे तक कांकेर शहर में बिजली बंद की जानकारी आमजनता को दिया था। शहर के लोग 5 बजे तक तपती धूप में जैसे तैसे समय काटा। शहर के आधे हिस्से में सायं 5 बजे तक लाईट चालू नहीं हो पाई, तो आमजनता में आक्रोश देखने को मिला और रात 8 बजे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर गुस्सा फूट पड़ा।

जानकारी के अनुसार सीबीएसई ने 10 अप्रैल को सब स्टेशन में मेंटेनेंस का कार्य होने के चलते सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद का सूचना जारी किया था। कांकेर शहर के दुकानदार तपती धूप में जैसे तैसे दिन काट लिया और पाँच बजने का इंतजार करते रहे। कांकेर शहर के रामनगर, महादेव वार्ड, गिल्ली चौक, भंडारीपारा और उदयनगर में बिजली पाँच बजे चालू नहीं हो पाई और बिजली कटौती का सीधा असर शहर की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ा। बाजारों में अंधेरा छा गया, कई दुकानों को समय से पहले शटर गिराना पड़ा। छोटे व्यापारियों को खासा नुकसान उठाना पड़ा। घरों में भी हालात बदतर रहे। पंखे और कूलर बंद होने से लोग उमस और गर्मी से परेशान रहे। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई, जबकि बुजुर्ग और मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद पेयजल आपूर्ति भी बिजली पर निर्भर होने के कारण प्रभावित हुई, जिससे समस्या और बढ़ गई। इस अव्यवस्था को लेकर शहरवासियों में आक्रोश बना हुआ है। लोग मांग कर रहे हैं कि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए विभाग ठोस योजना बनाए और समयबद्ध व पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि आमजन को इस तरह की परेशानी न झेलनी पड़े।

### तकनीकि खराबी ज्यादा आने से बढ़ी दिक्कत

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी खराबी अनुमान से अधिक जटिल थी, जिसके चलते सुधार कार्य में देरी हुई। रात 8 बजे तक सभी इलाकों में बिजली सप्लाई हो गई थी।



### विद्युत संवाद कांकेर शहर ग्रुप एकतरफा

यह ग्रुप इसलिए बनाया गया था कि आमजनता को बिजली बंद की जानकारी और किस तरह की समस्या से उससे अवगत कराना था, परंतु कुछ लोगों के द्वारा अधिकारियों के खिलाफ अभद्र भाषा का उपयोग करके कमेंट किए गए, उसके चलते उस विभाग के उच्च अधिकारियों ने ग्रुप को केवल एडमिन कर दिया और शहरवासी जो समस्या पूछने के अधिकार को छीन लिया। उस ग्रुप के कुछ लोगों का यह कहना है कि अभद्र भाषा का उपयोग करने वालों को ग्रुप से हटा देना था, परंतु उसे केवल एडमिन नहीं करना था। इस ग्रुप के माध्यम से आमजन अपनी शालीनता बात रखता था और उसका जवाब भी मिल जाता था। अब किसी तरह की जानकारी नहीं मिल पा रही है। ग्रुप के अन्य सदस्य अब ऊंगलीबाजी करने वाले को कोसने में लगे है।

## खबर संक्षेप

### संत शिरोमणि नंद सेन महाराज की जयंती 14 को

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में झेरिया सेन समाज इकाई भानुप्रतापपुर के तत्वाधान में 14 अप्रैल मंगलवार को संत शिरोमणि नंद सेन महाराज की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई जाएगी। यह आयोजन दुर्गुकोंदल के आवास पारा में आयोजित होगा, जिसमें समाज के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, जिसमें महिलाएं एवं समाज के सदस्य पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे।

### तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से दंपति घायल पुलिस ने दर्ज किया मामला



**कांकेर।** शहर कांकेर के भंडारीपारा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जहां एक तेज रफ्तार स्कूटी चालक की लापरवाही ने एक दंपत्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। शांत इलाके में हुई इस घटना ने एक बार फिर लापरवाह वाहन चालकों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घायल व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भंडारीपारा निवासी 45 वर्षीय बंशीपाल 10 अप्रैल को अपनी पत्नी कोमिन पाल और भाभी रेखा पाल के साथ खेत में काम करने गए थे। शाम करीब 6 बजे तीनों पैदल अपने घर लौट रहे थे। जब वे भंडारीपारा स्थित शिव मंदिर के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति में आ रही स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीई 5735 के चालक ▶▶|शेष पेज 10 पर

## एक लाख से अधिक के गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भानुप्रतापपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से एक लाख की कीमत का अवैध गांजा बरामद किया गया।

जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम बंधियापारा शाहकट्टा में एक व्यक्ति प्लास्टिक थैले में गांजा रखकर ग्राहक की तलाश कर रहा है। जानकारी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और एक टीम गठित कर मौके के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम जब बताए गए स्थान पर पहुंची, तो वहां मुखबिर के बताए हुलिए का एक संदिग्ध व्यक्ति सफेद रंग के कपड़े पहने थैला लेकर खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने सूझबूझ और सतर्कता दिखाते हुए आरोपी की घेराबंदी कर उसे मौके पर ही हिरासत में ले लिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान आरोपी के पास मौजूद सफेद-नीले रंग के प्लास्टिक थैले से 2 किलो 170 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 8 हजार रुपये आंकी गई है। गांजा बेचने की तलाश में गांजा के साथ पकड़ाए आरोपी की पहचान बंधियापारा शाहकट्टा निवासी 35 वर्षीय यशवंत धनेलिया के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना भानुप्रतापपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल

इस पूरी कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक रामबीर जाड़े, प्रधान आरक्षक विजय कुमार कटकवार, आरक्षक टोमन साहू, नरेश गावड़े एवं महिला आरक्षक रबिता शोरी की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रखने की बात कही गई है।

## नाथियानवागांव के पास दर्दनाक हादसे पर विधायक ने जताई नाराजगी, सड़क निर्माण में लापरवाही पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा





कांकेर जिले के नाथियानवागांव के पास हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया है। उड़कुड़ा के 6 लोगों की दर्दनाक मौत के बाद जहां परिवारों में मातम पसरा है, वहीं जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों में गुस्सा भी उबाल पर है। इस घटना ने एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्ग की निर्माण गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भानुप्रतापपुर विधानसभा की विधायक सावित्री मंडावी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे सीधे तौर पर राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों की लापरवाही का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान को पहले से ही "दुर्घटना संभावित क्षेत्र" घोषित किया गया है, वहीं पर सड़क की मरम्मत (पैच वर्क) बेहद लापरवाही से की गई। डामर बिछाकर सड़क की ऊंचाई मूल सतह से 1 से 2 सेंटीमीटर अधिक कर दी गई, जिससे छोटी गाड़ियों का संतुलन बिगड़ना तय है। विधायक श्रीमती मंडावी ने खासतौर पर बताया कि डिजायर जैसी छोटी कारें जब इस असमान सतह से गुजरती हैं तो उनका बैलेंस अचानक बिगड़ जाता है, ▶▶|शेष पेज 10 पर



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह + इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
ब्यूरो कार्यालय :
ऊपर नीचे रोड, कांकेर
मो. 70009 55574, 9098324969

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-



15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर 21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

Jinkushal Jewellers
सिर्फ 4% मेकिंग चार्जेस पर
आपकी मेहनत की कमाई का असली मोल हम समझते हैं।



अक्षय तृतीया की अग्रिम खरीदी के लिए पधारिये
आज ही करें कल की तैयारी



HALLMARK GOLD & 999 HALLMARK SILVER COIN & JEWELLERY AVAILABLE
सुविधाएं :
पुराना सोना/चांदी बदलने की सुविधा | गोल्ड ज्वैलरी आसान किस्तों में उपलब्ध | डेली गोल्ड भाव व ऑफर्स के लिए WhatsApp करें
स्कैन करें
*T&C Apply
जिनकुशल ज्वेलर्स
Ratnaprabha, Satti Bazar Chowk, Raipur (C.G.)
+ 9827995000 jinkushaljewellers.myshopify.com

## खबर संक्षेप



### महारानी में 12 मरीजों का मोतियाबिंद आपरेशन

**जगदलपुर।** महारानी अस्पताल मोतियाबिंद मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। प्रति दिन की भांति शुक्रवार को लोहंडीगुड़ा के 8 मरीज एवं ओडिसा के चार मरीजों का सफलतापूर्वक मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। लोहन्डीगुड़ा ब्लॉक की नेत्र सहायक अधिकारी नवीना कश्यप ने मारडूम के मोतियाबिंद से पीड़ित चार बच्चों को महारानी अस्पताल लाया। जहां कलेक्टर आकाश छिकारा, सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद के निर्देश पर मरीजों की जांच के बाद 10 अप्रैल को महारानी अस्पताल में 12 वर्षीय हंसराज, बलदेव, 9 वर्षीय बेसी, 8 वर्षीय मनीषा का नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता थामस ने ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद अब बेहतर देख पा रहे, इतने दुर्गम जगह से इन बच्चों को लाना एक सरहनीय कार्य है। नेत्र सहायक अधिकारी दिव्या पांडे, नितीक्षा और गोपाल कुरील का भी सहयोग रहा।

### पंचायतों में रोजगार और आवास दिवस मनाया गया




**कोण्डागांव।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 'चावल महोत्सव' के अवसर पर रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का संयुक्त आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण सहित अन्य योजनाओं के तहत स्वीकृत मकानों को 90 दिनों के भीतर पूर्ण करने के लिए हितग्राहियों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने हितग्राहियों को किश्तों की जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया। क्यूआर कोड के माध्यम से योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, वहीं क्लार्ट ऐप के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। मनरेगा अंतर्गत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा नए कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए, साथ ही स्व—सहायता समूहों को आयवर्धन गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया गया। मोर—गांव—मोर—पानी' अभियान के तहत नए तालाब निर्माण एवं जल संरक्षण की कार्ययोजना तैयार की गई। जिला पंचायत सीईओ ने निर्देश दिए कि प्रत्येक माह की 7 तारीख को रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का नियमित आयोजन किया जाए।

# पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया और डांगरा में साइबर ठगी से बचने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

ग्राम डांगरा में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान का आयोजन थाना दुर्गुकोंदल प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद यादव के निर्देशन में किया गया। मोर मितान पुलिस पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को साइबर अपराध, यातायात नियमों और सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करना रहा।

पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के बारे में जानकारी देते हुए सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने फोन कॉल फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी स्कीम, सोशल मीडिया फेसबुक-इंस्टाग्राम के माध्यम से होने वाले अपराधों तथा गेमिंग फ्रॉड से बचने के उपाय विस्तार से बताए। ग्रामीणों को स्पष्ट रूप से समझाया गया कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या लालच में आकर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक डिटेल या ओटीपी साझा न करें। इसके साथ ही यातायात नियमों के पालन पर भी विशेष जोर दिया गया। पुलिस ने हेलमेट पहनने, वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज साथ रखने और शराब पीकर वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने बताया कि छोटी-सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। कार्यक्रम में विधिक स्वयंसेवक अरविन्द कुमार सलाम ने जिला विधिक सेवा



प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी और साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी देते हुए किसी भी ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई। इसके अतिरिक्त दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 एवं बाल विवाह जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की कि वे समाज में हो रही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। ग्रामीणों ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम उन्हें सुरक्षित और सतर्क रहने में मदद करते हैं। यह अभियान क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

अभियान में बीट आरक्षक मनोज टेकाम, प्रधान आरक्षक राजेंद्र कुलदीप, आरक्षक हरिक साय तारम एवं विधिक स्वयंसेवक अरविन्द कुमार सलाम सहित पुलिस टीम के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों की भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह अभियान काफी प्रभावी साबित हुआ।

### कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और जिपं मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी के निर्देशन पर हुई बैठक

# शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए सुपर 60 माडल पर हुई बैठक में रूपरेखा तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार और विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुपर 60 मॉडल स्कूल योजना को लेकर जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर तथा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी के निर्देशन में जिला पंचायत सभा कक्ष में संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक नवनीत पटेल ने किया, जिसमें जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी और चयनित सुपर 60 मॉडल स्कूलों के संस्था प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक में विद्यालयों के संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता, आधारभूत सुविधाओं, कक्षा-वार उपलब्धियों एवं बोर्ड परीक्षा की तैयारी जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए



सुधारात्मक कक्षाएं संचालित करने, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने और परिणाम आधारित शिक्षा प्रणाली लागू करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय लक्ष्य आधारित अध्ययन वातावरण विकसित करे और नियमित मूल्यांकन प्रणाली को मजबूत बनाए। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक ने बताया कि प्रारंभिक कक्षाओं कक्षा 1 से 3 में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई शुरू करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा और साथ ही डिजिटल शिक्षा, मार्गदर्शन व्यवस्था, अतिरिक्त कक्षाएं और सतत मूल्यांकन प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जिले के कुल 60 विद्यालयों को सुपर 60 मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत विकासखंडवार विद्यालयों का चयन किया गया है। अंतागढ़ 8 विद्यालय पोण्डगांव, भैसासुर, नीलझर, तालाबेड़ा, करेंगांव, कुहचे, गोडरी, हिमोड़ा। भानुप्रतापपुर 7 विद्यालय : भीरागांव, कोरर, कच्चे विलय, चबेला, नारायणपुर, करमोती, कुर्री। चारामा 9 विद्यालय : हाराडूला, शाहवाडा, अरौद, लखनपुरी, साल्हेटोला, भर्रीटोला, सिरसिदा, लिलेझर, रामपुर। दुर्गुकोंदल 9 विद्यालय : पेडावारी विलय, तराईघोटिया विलय, सुखई विलय, लोहत्तर विलय, ईरागांव विलय, डांगरा, भण्डारडीगी, आमागढ़, मर्रामपानी।

कांकेर 9 विद्यालय : पदौद, बेवरती, कंकालिनपारा, लट्टीपारा, पुत्री शाला, राजापारा, अन्नपूर्णापारा, भण्डारीपारा, माहुरबंदपारा। कोयलीबेड़ा 9 विद्यालयः बाजारपारा चारगांव, पीवी 50-51, छोटेबेठिया, रेंगावाही, बड़गांव, पीवी 31, इरपानार, पीवी 105, बांदे कॉलोनी एवं नरहरपुर 9 विद्यालय : कोटलभट्टी, बाहनापानी, धनेसरा, रिसेवाडा, नयापारा अमोड़ा, पुरियापारा करप, मावलीपारा, दुधावा, कुरना है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इन विद्यालयों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए नियमित निगरानी, जवाबदेही तय करना और सतत समीक्षा की जाएगी।

# गांव चलो-बस्ती चलो अभियान में भाजपा ने किया जनसंपर्क



**दुर्गुकोंदल।** 47वें स्थापना दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत ग्राम पंचायत भीरावही में बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों और हितग्राहियों से सीधे संवाद कर केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया तथा बताया कि सरकार द्वारा अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना गया और उन्हें जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और उन्हें योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं खुलकर साझा कीं, जिनमें मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मुद्दे प्रमुख रहे। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्राप्त समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर उनके निराकरण के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। कार्यक्रम में रामचंद्र कल्लो, बल्देव दर्रो, यशवंत तिवारी, नागसाय तुलावी, चिमन यादव, बिरेंद्र जैन, दिलीप धुर्वा, सर्वेश उयका, बिसंबर चुरगिंया, राजकुमार विश्वकर्मा, धनराज हतगिंया, मंशाराम हतगिंया, घासी हतगिंया, सुगंधी, पियरबती, सुरूजबाई, बिसरो, सगोन, लक्ष्मीबाई सहित ग्रामीण एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

# 21 दिन बाद दुर्गूकोंदल में पहुंचा गैस सिलेंडर, उपभोक्ताओं को मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

क्षेत्र में पिछले कई दिनों से रसोई गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया था। स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा था, फिर भी समय पर आपूर्ति नहीं मिल पा रही थी। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही थी और दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था।

जानकारी के अनुसार दुर्गुकोंदल वितरण केंद्र में 21 मार्च से इंडियन गैस की सप्लाई पूरी तरह से बंद थी। करीब 20 से 21 दिन बीत जाने के बावजूद गैस की आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी, जिससे लोगों को खाना बनाने जैसी आवश्यक जरूरतों के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही थी। कई परिवारों को वैकल्पिक साधनों जैसे लकड़ी और चूल्हे का सहारा लेना पड़ा। इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्रीय स्तर पर आवाज उठाई गई और दैनिक समाचार पत्रों में इसे प्रमुखता से प्रकाशित कर शासन-प्रशासन को अवगत कराया गया। इसके बाद संबंधित विभाग ने सक्रियता दिखाते हुए आपूर्ति बहाल करने के प्रयास तेज किए। परिणामस्वरूप दुर्गुकोंदल वितरण केंद्र में 342 गैस सिलेंडर पहुंचाए गए, जिससे उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। लंबे इंतजार के बाद गैस उपलब्ध होने से लोगों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली और सामान्य जनजीवन धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद ही प्रशासन ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने इसके लिए मीडिया के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस पहल से उनकी समस्या का समाधान संभव हो सका। स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा उत्पन्न नहीं होगी और गैस आपूर्ति नियमित रूप से जारी रहेगी।



### एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर नरहरपुर में की मानव सेवा

**नरहरपुर।** नरहरपुर में एनएसयूआई एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा 55वां स्थापना दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के बीच फल वितरण किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों के प्रति संवेदनशीलता दिखाना और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत नरहरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हुई, जहां एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और कांग्रेस नेताओं ने भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। इस दौरान मरीजों का हालचाल जाना गया और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई। अस्पताल परिसर में इस सेवा कार्य से एक सकारात्मक माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर नेताओं ने युवाओं को संगठन की रीति-नीति और इतिहास के बारे में जानकारी दी और उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में रोहिदास शोरी, नारायण मरकाम, आनंद दर्रो, एनएसयूआई पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष लोकेश विश्वकर्मा, हर्ष नेताम, राज मरकाम, विजयेंद्र मांडवी, विशाल सिंह ठाकुर, नवदीप विश्वकर्मा, पुलकित सलाम और वेदव्यास यादव समेत अनेक कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

# भाजपा का जनसंपर्क अभियान हुआ तेज टाहकापार में हितग्राहियों से सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

चारामा क्षेत्र के ग्राम टांहकापार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत जनसंपर्क और संवाद का प्रभावी आयोजन देखने को मिला। स्थापना दिवस सप्ताह के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने न सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि गांव की बस्तियों तक पहुंचकर आमजन से सीधा संवाद भी किया।

चारामा क्षेत्र के ग्राम टांहकापार में मंडल अध्यक्ष हेम मंडावी और जिला सहमीडिया प्रभारी मनोज जैन एवं क्षेत्र के समस्त भाजपा के पदाधिकारी का बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। अभियान के दौरान नेताओं ने गांव के विभिन्न मोहल्लों और बस्तियों का भ्रमण कर केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने हितग्राहियों से सीधे बातचीत कर योजनाओं के लाभ और प्रभाव को समझा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के



मकान मिलने से लोगों के जीवन में आए बदलाव, किसान सम्मान निधि की नियमित आर्थिक सहायता, महतारी वंदन योजना से महिलाओं के सशक्तिकरण और नल-जल योजना के जरिए घर-घर स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। मंडल अध्यक्ष हेम मंडावी ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता इस संकल्प के साथ काम कर रहा है कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सतर्क रहकर सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं से वंचित न रहे। गांव चलो बस्ती चलो अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर धरम निषाद, देवसिंग मंडावी, लुमेश गिरी, कामता साहू, मिथिलेश चौहान, कैलाश साहू, गोपाल साहू, सतिम पटेल, कुलेश्वरी साहू, मीरा साहू, अमेरिका बाई नेताम सहित कई अन्य शामिल रहे।

# भाजपा ने गांव चलो बस्ती चलो अभियान में ग्राम केवटिनटोला में किया जनसंपर्क

**कोरर।** केवटिनटोला में भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत लाभार्थी जनसंपर्क एवं विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना और लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया गया तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी गई। इस अवसर पर कुल 43 लाभार्थियों तक पहुंच बनाकर उन्हें योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया गया।



कार्यक्रम में भाजपा की अंत्योदय एवं राष्ट्रवाद की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू, कार्यक्रम प्रभारी माखन मंडावी, कार्यक्रम के अतिथि एवं जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा नितेश सलाम, मंडल महामंत्री देवेंद्र यदु, जिला मंत्री किसान मोर्चा गुलाब साहू, मंडल कोषाध्यक्ष हेमलाल गढ़िया, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित तावरी, अनुसूचित जाति अध्यक्ष सालिक कुलदीप, अनुसूचित जाति उपाध्यक्ष वेद कुलदीप, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा अमर सिंह बढ़ई एवं मंडल युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अजय पटेल, मंडल उपाध्यक्ष दिकुंतला साहू, मंडल मंत्री युवा मोर्चा हर्ष चुरेन्द्र, गौतम नायक, रामलाल नायक, हरिराम साहू, ओमेंद्र पिददा सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# नंदनमारा के पढ़ई तिहार में शिक्षा के प्रति जागरूकता का अलख जगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शिक्षा के प्रति जागरूकता और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में पढ़ई तिहार के तहत संकुल केंद्र नंदनमारा और कांकेर के विभिन्न प्राथमिक शालाओं में माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों और पालकों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

विकासखंड कांकेर के संकुल केंद्र नंदनमारा अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक शालाओं में पढ़ई तिहार के तहत माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पालकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा घर और स्कूल के बीच समन्वय स्थापित करना रहा। कार्यक्रम के तहत प्राथमिक शाला नंदनमारा में विशेष आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जनपद उपाध्यक्ष तारुणी ठाकुर, भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रुखमणी उइके, महामंत्री विजयलक्ष्मी कौशिक, पूर्व महिला मोर्चा



जिला अध्यक्ष उमादेवी शर्मा, पार्षदगण शकुंतला जैन, मीरा सलाम एवं चित्रलेखा जैन सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.आर. सिन्हा, संकुल समन्वयक नंद कुमार अटभैया, प्रदीप टांडिया, प्रधान पाठक दुर्गा नेताम तथा नीलिमा गौतम उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने पढ़ई तिहार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बच्चों एवं पालकों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों की नियमित उपस्थिति, घर पर अध्ययन का वातावरण, तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। साथ ही पालकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास में उनकी भूमिका के महत्व से अवगत कराया गया।

## पेज 9 के शेष

### तेज रफ्तार स्कूटी की...

ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बंशीपाल और उनकी पत्नी को जोरदार टक्कर मार दिया। इस हादसे में बंशी पाल को कमर में गंभीर चोट आई, जबकि उनकी पत्नी कोमिन पाल के सिर में गहरी चोट लगने से खून बहने लगा। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों की मदद की और उन्हें संभाला। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित बंशी पाल ने थाना कांकेर में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी स्कूटी चालक के खिलाफ धारा 125 (ए) और 281 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नाथियानवा गांव के पास...

जिससे वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। उनका आरोप है कि यह पैच वर्क पूरी तरह से नियमों के विपरीत और तकनीकी मानकों की अनदेखी कर किया गया है। विधायक ने प्रशासन और पुलिस विभाग से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर जहां-जहां इस तरह का गलत पैच वर्क किया गया है, उसे तुरंत दुरुस्त किया जाना चाहिए। यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो भविष्य में और भी जानलेवा हादसे हो सकते हैं। विधायक श्री मंडावी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि संबंधित अधिकारियों ने इस गंभीर लापरवाही को नजरअंदाज किया, तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और जन आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि ऐसी स्थिति में किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी सरकार और संबंधित विभाग की होगी।

## खबर संक्षेप

### दुर्गूकोंदल के 175 स्कूलों में पढ़ाई तिहार का आयोजन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत पढ़ाई तिहार का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। यह आयोजन जिले के 175 प्राथमिक शालाओं में एक साथ हुआ, जिसमें बच्चों, माताओं एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी एवं बालवाड़ी के उन बच्चों का आकलन करना था, जो आगामी शैक्षणिक सत्र में कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले हैं। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी विप्लव डे, बीआरसी लतीफ सोम, संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों सहित सभी शिक्षकों का इस आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर निकली जागरूकता रैली

**कोयलीबेड़ा।** आकांक्षी विकासखंड कोयलीबेड़ा में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नीति आयोग के मार्गदर्शन में संचालित सम्पूर्णता अभियान 2.0 एवं आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत आयोजित हुआ। रैली की शुरुआत जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा मुख्यालय से हुई, जिसे ग्राम सरपंच जागेश्वर पुजारी एवं पंच पवन वड्डे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली गांव के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जहां लोगों को सुरक्षित मातृत्व, संस्थागत प्रसव तथा नियमित प्रसव पूर्व जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस आयोजन में शिक्षा विभाग का विशेष योगदान रहा, जिसके सहयोग से स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसके अलावा बिहान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन समूह की महिलाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षकगण तथा स्वास्थ्य विभाग की सहायक नर्स दाइयां एवं स्टाफ नर्सों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के सफल संचालन में अंकित राज लहरे, आकांक्षी विकासखंड सहयोगी एबीएफ, नीति आयोग की अहम भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन और समन्वय से रैली सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करना तथा समुदाय में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। सम्पूर्णता अभियान 2.0 के तहत ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### गोयल ग्रुप ने भेंट किया कम्प्यूटर और प्रिंटर

**दुर्गुकोंदल।** क्षेत्र में पत्रकारिता को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए ने भानुप्रतापपुर प्रेस क्लब को कम्प्यूटर सेट एवं प्रिंटर भेंट किया। यह सहयोग दुर्गुकोंदल तहसील क्षेत्र के ग्राम हाहालद्दी में संचालित गोयल ग्रुप के माइंस प्रबंधन द्वारा प्रदान किया गया, जिससे पत्रकारों के कार्य में गति और सुविधा दोनों बढ़ेगी।

# दमकल की तत्परता से भानुप्रतापपुर मुख्य चौक के पास टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

नगर भानुप्रतापपुर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब मुख्य चौक के पास स्थित पोस्ट ऑफिस के पीछे खाली पड़ी जमीन में अचानक भीषण आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने सूखी झाड़ियों, पेड़-पौधों और फैले कचरे को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे आसपास के रिहायशी और व्यावसायिक क्षेत्रों में खतरे की स्थिति बन गई। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और हर कोई आग की बढ़ती लपटों को देखकर सहम गया।

■ सूखी झाड़ियों में लगी आग ने बढ़ाया खतरा, गर्मी में सावधान रहने की जरूरत

नगर भानुप्रतापपुर में 11 अप्रैल को बढ़ती आग की लपटों को कंट्रोल करने के लिए जानकारी फायर ब्रिगेड की टीम को दिया गया और टीम बिना देरी किए मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत और सूझबूझ के साथ आग पर काबू पाया। यदि थोड़ी भी देर होती, तो यह आग मुख्य चौक तक फैलकर बड़े नुकसान का कारण बन सकती थी। समय पर की गई कार्रवाई ने एक संभावित बड़ी दुर्घटना को टाल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग अचानक लगी और तेजी से फैलने लगी। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। कुछ लोगों का मानना है कि यह घटना लापरवाही या कचरे में आग लगने के कारण हुई हो सकती है, लेकिन इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। घटना के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और स्थिति पर नजर बनाए रखी। लोगों में भय और चिंता का माहौल साफ देखा गया। कई लोगों ने दमकल विभाग की तत्परता की सराहना भी की।

## भानुप्रतापपुर में आग से मची अफरा-तफरी, रिहायशी इलाका बचा



### खाली पड़ी जमीनों पर कचरे की हो सफाई

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग किया है कि ऐसी खाली पड़ी जमीनों की नियमित सफाई कराई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। उनका कहना है कि अगर समय रहते सफाई और निगरानी नहीं की गई, तो इस तरह की आगजनी की घटनाएं दोबारा हो सकती हैं, जो बड़े खतरे का कारण बन सकती हैं। यह घटना स्थानीय प्रशासन के लिए एक चेतावनी के रूप में सामने आई है।

## वारदात : गिरफ्तार चोर के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की तैयारी

# चोरों का तांडव, सेन चौक और डेली मार्केट में चोरी, नकदी समेत हजारों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

शहर में बीती रात अज्ञात चोरों ने पुलिस गश्त को चुनौती देते हुए दो बड़ी वारदातों को अंजाम दिया है। चोरों ने सेन चौक स्थित पान मसाला दुकान और डेली मार्केट की एक ज्वेलरी शॉप को अपना निशाना बनाया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से मिली फोटो के आधार पर चोर को पकड़ लिया है। यह आदतन चोर है और दो दिन पहले ही जेल से छूटा है। कोतवाली प्रभारी आईपीएस प्रशिक्षु प्रतीक बनसोड़े का कहना है कि आरोपी आदतन है, उसके खिलाफ जिला बदर की कार्यवाही की जाएगी।

सेन चौक स्थित मिलन मार्केट के संचालक मिलन देवांगन ने पुलिस को बताया कि रोज की तरह वे 9 अप्रैल की रात 10 बजे अपनी दुकान बढ़ाकर घर गए थे। अगले दिन सुबह जब वे दुकान पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गए। दुकान का ताला टूटा हुआ था और शातिर चोरों ने पहचान छुपाने के लिए सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए थे। चोरों ने दुकान के भीतर रखे महंगे ब्रांड्स के सिगरेट और पान मसाला पर हाथ साफ किया है।

चोरी हुए सामानों में गोल्ड फ्लेक सिगरेट 2 पुड़ा कीमत 10 हजार रूपएं, फ्लेक एक्सेल 1 पुड़ा 3 हजार 600 रूपएं, टोटल सिगरेट 120 पैकेट कीमत 7 हजार 200 रूपएं, चाम्स सिगरेट 1 पुड़ा 3 हजार 200 रूपएं, आशिकी पान मसाला 15 पैकेट 1 हजार 850 रूपएं, गल्ले से नगद 1 हजार 200 रूपएं कुल लगभग 27 हजार 50 रूपएं कि चोरी कि घटना को अंजाम दिया गया। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।






### ज्वेलरी शॉप में भी सेंधमारी

चोरी की वारदात यहीं नहीं रुकी। कुछ ही दूरी पर स्थित डेली मार्केट में चोरों ने आभूषण ज्वेलर्स का भी ताला चटकाया। दुकान मालिक हरीश कोचर, जो फिलहाल शहर से बाहर हैं, उन्होंने फोन पर जानकारी दी कि उनके गल्ले में रखे 4 हजार रूपएं नगद और चांदी के कुछ सिक्के चोरी हुए हैं।

# युवक से मारपीट करके दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम आंवरी खासपारा में एक युवक के साथ हुई मारपीट और गाली-गलौज की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। मामूली बात को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गया जिससे पीड़ित युवक को गंभीर चोटें आईं।

जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय भाव सिंह टंडन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 अप्रैल की रात लगभग 8 बजे वह भोजन करने के बाद अपने घर के परछी में बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव का ही कमलेश गजेन्द्र टंडन वहां पहुंचा और खाना जमीन पर फेंकने की बात को लेकर बहस करने लगा। बहस जल्द ही तीखी नोकझोंक में बदल गई और आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे वह काफी डर गया। घटना के दौरान शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति को शांत कराया। मारपीट में शिकायतकर्ता के गले और सीने में चोट आई है, जिसके बाद उसने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी कमलेश गजेन्द्र टंडन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 296 और 351 (3) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं क्षेत्र में असुरक्षा की भावना बढ़ाती हैं इसलिए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि दोषी के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे विवाद की स्थिति में कानून का सहारा लें और खुद से हिंसा करने से बचें, ताकि समाज में सौहार्द बना रहे और आपसी भाईचारा मजबूत हो सके। इसके लिए सभी को जागरूक रहने की जरूरत है।

# गांव चलो, बस्ती चलो अभियान में घर-घर पहुँचे भाजपा कार्यकर्ता




**धनेलीकन्हार।** भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार द्वारा गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत ग्राम बारदेवरी एवं किरगोली में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के घर-घर जाकर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की।

कार्यक्रम प्रभारी एवं मंडल महामंत्री अशोक कचलम ने बताया कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है या नहीं। उन्होंने कहा हम सीधे जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं और यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि सरकार से उनकी और क्या अपेक्षाएं हैं। इस सीधा संवाद से समस्याओं का समाधान तेजी से होगा। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने दोनों गांवों के कुल 70 लाभार्थी परिवारों से संपर्क किया। इसके साथ ही समाज के प्रति उनके योगदान को देखते हुए 15 वरिष्ठ जनों का विशेष सम्मान भी किया गया। इस जनसंपर्क कार्यक्रम में संगठन और क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि शामिल हुए, जिनमें मुख्य रूप से जनपद सदस्य नितेश सलाम एवं जनपद सदस्य मिथलेश मंडावी, भावेश नाग, सानू साहू, वेद कुलदीप, देवलाल कोर्राम, परमानन्द नाग, पना राम, संबल राणा, लोकनाथ नाग, नरेश राणा, श्याम लाल राणा, आयतू नरवास, राम जी, बबिता मंडावी, जयंती दर्रो, बृजलाल भास्कर, विजय जैन, राजेश दर्रो, सन्तूराम पटेल और गीता मंडावी उपस्थित रहें।

## चारभाटा के गांव चलो, बस्ती चलो अभियान में हितग्राहियों से संवाद



**चारामा।** क्षेत्र के चारभाटा मंडल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हेमेंद्र बंटी ठाकुर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने ग्रामीणों और हितग्राहियों से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना और महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों से संवाद कर उनके अनुभव भी जाने गए। इसके साथ ही कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई गतिविधियों में भी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और उनसे सीधा संवाद स्थापित करना रहा, जिसे लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रभारी उमा देवी शर्मा, जिला मंत्री अमिता बंजारे, ओम प्रकाश साहू, संतोष नहर, विजयेंद्र कुमार सिन्हा, आशीष वीके, सत्कार पटेल, भोजराज सोनी, रुपेश देवांगन, प्रियेश सेन, करण निर्मलकर, अभय दुर्गासी, कार्यालय प्रभारी अमजद खान, छगन साहू सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिपं सीईओ ने किया नरहरपुर के सुदूर पंचायतों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



विकासखंड नरहरपुर के सुदूर ग्राम पंचायत रावस एवं बासपतर का जिला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरेश मंडावी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की जमीनी स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों से भी सीधा संवाद किया गया। सीईओ ने हितग्राहियों से उनके आवास निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी ली और जिनके आवास अधूरे हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजना के तहत स्वीकृत सभी आवास समय पर पूर्ण कराए जाएं ताकि जरूरतमंद परिवारों को जल्द से जल्द पक्की छत मिल सके।

ग्राम पंचायत बासपतर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों का भी विस्तार से निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीईओ ने आजीविका केंद्र का अवलोकन किया और स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित मछली पालन, मुर्गी पालन एवं किचन गार्डन जैसी गतिविधियों की सराहना की। निरीक्षण के क्रम में सीईओ ठेमा स्थित बालक छात्रावास भी पहुंचे। यहां उन्होंने छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और बच्चों से सीधे संवाद कर भोजन, आवास, शिक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में भी जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित स्वास्थ्य जांच एवं बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत नरहरपुर के सीईओ बीआर सुकदेवे, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र कश्यप, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, बीपीएम एनआरएलएम, पीएम आवास के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सहित सभी संबंधित पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# जेपी विद्यालय परिसर के उत्सव में हर ओर दिखा उत्साह व उल्लास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जेपी इंटरनेशनल स्कूल में 11 अप्रैल को फाउंडेशन डे सेलिब्रेशन उत्साह, अनुशासन और सांस्कृतिक रंगों के संग एक यादगार आयोजन के रूप में मनाया गया, जहाँ पूरे विद्यालय परिसर में उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला।

जेपी इंटरनेशनल स्कूल में 11 अप्रैल को स्कूल फाउंडेशन डे सेलिब्रेशन का आयोजन भव्यता और गरिमा के साथ किया गया। सुबह से ही विद्यालय परिसर आकर्षक सजावट से सुसज्जित होकर एक उत्सव स्थल का रूप ले चुका था। विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों में विशेष उत्साह नजर आया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण केक कटिंग समारोह रहा, जिसने पूरे वातावरण को उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य रितेश चौबे द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिवत रूप से की गई। इस दौरान वातावरण सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक भाव से ओतप्रोत हो उठा। इसके पश्चात विद्यालय के संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक जेपीआईएस गीत प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित सभी के मन में विद्यालय के प्रति गौरव और एकता की



भावना को मजबूत किया। कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी के नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत राइम्स और रोल प्ले ने सभी का मन मोह लिया। उनकी मासूमियत और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इसके बाद नृत्य विभाग के मार्गदर्शन में छोटे बच्चों की रंगारंग नृत्य प्रस्तुति ने समारोह में जीवंतता भर दी और खूब सराहना प्राप्त की। विद्यालय के छात्र अक्षत दुबे और छात्रा पीहू जायसवाल ने अपने विचारों के माध्यम से आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच का प्रभावशाली संदेश दिया। उनके वक्तव्यों ने कार्यक्रम को नई दिशा प्रदान की। प्राचार्य ने संस्था के निदेशक स्व. प्रताप राय गिदवानी को नमन करते हुए अपने संबोधन में विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम, नैतिक मूल्यों और लक्ष्य के प्रति समर्पण के महत्व को रेखांकित करते हुए निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12 के छात्र करन कुंजाम और छात्रा गुंजन वर्मा ने प्रभावी ढंग से किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ, जिसने सभी में देशभक्ति और एकता की भावना को और सुदृढ़ किया। इस अवसर पर संस्था की निदेशिका ज्योति गिदवानी, संचालक शंकर गिदवानी और शैक्षिक सलाहकार गोविंद मुदलियार की उपस्थिति रही।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जगदलपुर जिला-बस्तर (छ.ग.)**
दूरभाष क्रं.- 07782-222336, (कार्या.) फैक्स क्रं. 225777
ई-मेल spofficejdr@gmail.com

**// नीलामी सूचना //**

जिला बस्तर के विभिन्न थाना/चौकी में नारकोटिक्स मामलों में जप्त वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया जिलाधीश बस्तर के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक बस्तर की अध्यक्षता में दिनांक 30.04.2026 दिन गुरूवार को रक्षित केन्द्र जगदलपुर में प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ की जावेगी। नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी दिये गये सूची में दर्शित जिस वाहन की नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना चाहते है। उक्त वाहन के मूल्यांकन राशि पुलिस अधीक्षक जगदलपुर, बस्तर के नाम डी.डी एवं आधार कार्ड की छायाप्रति आवश्यक रूप से नारकोटिक्स सेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय जगदलपुर में दिनांक 13.04.2026 से दिनांक 27.04.2026 तक प्रातः 10.00 बजे से संध्या 05.30 बजे तक जमा कराकर उक्त प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

**नीलामी संबंधी जानकारी** :- www.bastar.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।
नीलामी हेतु अमानत राशि (डी.डी) जमा करने की अंतिम तिथीः- 27.04.2026
नीलामी की तिथी :- 30.04.2026 के 11:00 बजे
नीलामी स्थान :- पुलिस लाईन जगदलपुर पुराना बस स्टैण्ड के सामने, जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.

**पुलिस अधीक्षक,**
**बस्तर, जगदलपुर**

### ग्राम टेकापानी की हर-घर नल-जल से बदली तस्वीर

**कांकेर।** जिले के अंतागढ़ विकासखंड का दूरस्थ और माओवाद प्रभावित रहा ग्राम टेकापानी, जो कभी पेयजल संकट से जूझ रहा था, आज जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन से हर घर स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो रही है। वर्ष 2019 में शुरू हुए इस मिशन का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण को प्रतिदिन न्यूनतम 55 लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, और टेकापानी जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इस लक्ष्य की प्राप्ति एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जिला मुख्यालय से लगभग 65 किमी दूर स्थित इस गांव के करीब 18 परिवार पहले पीने और घरेलू उपयोग के लिए नाले और झरिया के पानी पर निर्भर थे। गर्मियों में जलस्तर घटने पर महिलाओं को लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता था। ग्राम के सरपंच सुद्दूराम कावड़े बताते हैं कि अब गांव में स्थापित सोलर आधारित जल आपूर्ति प्रणाली से हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। साथ ही हैंडपंप के माध्यम से जल गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है, जिसमें जल बहिनियाँ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और गांव की महिलाएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में 20 नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, जिससे हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचने लगा है। गांव के ही पंप ऑपरेटर अनिल नूरेटी नें बताया अब पूरे गांव को नाले पर निर्भर नहीं रहना पड़त, जीवन कहीं अधिक सरल हो गया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS
Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar
FIT INDIA
SCHOOL INNOVATION COUNCIL
SMART CLASSROOM
ADMISSION OPEN 2026-27
SHAKUNTALA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, Ram Nagar, Bhilai
0788 403 3217
SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, Risali Sector, Bhilai
0788 2265810
SCHOOL FACILITIES
Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
State of the art AV room & Music room
24x7 Power Supply Via Genset
SHAKUNTALA VIDYALAYA NO - 2
Affiliated to State Board, Ram Nagar, Bhilai
Class XI to XII
0788 2295357
SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to State Board, Vaishali Nagar, Bhilai
KG-1 to VIII
0788 4033623
Shakuntala GURUKUL
Hostel
" घर से दूर..
एक घर "
Seperate Hostel Facility for Boys and Girls.
AC Hostel Room with attached Bathroom.
In-Class Coaching Facility for students.
Hot (Geyser) and Cold Water Facility.
Dedicated Medical Facility.
883 998 2041
Ram Nagar, Bhilai
Deepak Advertisers